झारखण्ड सरकार
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
तृतीय तल, योजना भवन, नेपाल हाउस परिसर, डोरन्डा, राँची– 834002

पत्रांक :त0शि0प्र0विविध–20/2016–पार्ट–1– 968 /राँची, दिनांक : 01/10/2024

प्रेस विज्ञप्ति

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अन्तर्गत तकनीकी शिक्षा निदेशालय के निम्नलिखित तीन वर्षों के सावधिक पदों को झारखंड तकनीकी शिक्षा सेवा नियमावली 2024 में निहित प्रावधानों के तहत प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने हेतु योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवारों से विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :–

क्रम संख्या	पदनाम	वेतनमान	रिक्त पद	अर्हता
01	उप निदेशक	रुपये 1,31,400/– प्रवेश वेतन, लेवल– 13ए1	02	राज्य/केंद्र सरकार द्वारा संचालित अभियंत्रण महाविद्यालय के सह–प्राध्यापक या राजकीय पोलिटेकनिक के विभागाध्यक्ष/ व्याख्याता (प्रवरण ग्रेड–II) स्तर के वैसे शिक्षक जिनका प्रवेश वेतन रुपए 1,31,400/– एवं Level 13 ए1 हो तथा आवेदन की अंतिम तिथि को उनकी उम्र 50 वर्ष से अधिक नहीं हो ।
02	सहायक निदेशक	रुपये 68,900/– प्रवेश वेतन, लेवल–11	04	राज्य/केंद्र सरकार द्वारा संचालित अभियंत्रण महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक (वरिष्ठमान) या राजकीय पोलिटेकनिक के व्याख्याता (वरिष्ठमान) ग्रेड–II) स्तर के वैसे शिक्षक जिनका प्रवेश वेतन रुपए 68,900/– एवं Level 11 हो तथा आवेदन की अंतिम तिथि को उनकी उम्र 50 वर्ष से अधिक नहीं हो ।

नोट– नियुक्ति की पात्रता संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए झारखंड सरकार के वेबसाइट www.jharkhand.gov.in पर विभाग का नाम चयन कर झारखंड तकनीकी शिक्षा सेवा नियमावली 2024 देखा जा सकता है तथा आवेदन का विहित प्रपत्र भी Download किया जा सकता है।

02. उक्त अर्हता तथा अपने योग्यता के अनुरूप पदों में से किसी एक पद के विरुद्ध ही आवेदन किया जा सकेगा।
03. निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से प्राप्त आवेदन ही स्वीकार किए जायेंगे।
04. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 21.10.2024 के 6:00 PM संध्या तक है।
05. आवेदन भेजने का पता :–

संयुक्त सचिव,
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
तृतीय तल, योजना भवन, नेपाल हाउस परिसर,
झारखंड मंत्रालय, डोरन्डा, राँची– 834002,
झारखण्ड।

ह0/–
(सुनील कुमार)
सरकार के अपर सचिव